महात्मा गाँधी
चित्रकूट ग्रामोदय
विश्वविद्यालय, चित्रकूट,
सतना(म.प्र.)–४८५३३४

Mahatma Gandhi Chitrakoot
Gramodaya Vishwavidyalaya,
Chitrakoot, Distt- Satna,
(M.P.) - 485334

पंत्राक : सी.एम.सी.एल.डी.पी. / 20 / 1072 दिनांक : 31/08/2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य / नोडल अधिकारी / मेन्टर
शासकीय महाविद्यालय, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म.प्र.)

**विषय–बी.एस.डब्ल्यू (कम्न्यूनिटी लीडरशिप) पाठ्यक्रम की दिनांक 15 सितम्बर 2020 से होने वाली आन्तरिक / अर्द्धवार्षिक / सी.सी.ई. परीक्षा एवं 25 सितम्बर से होने वाली अंतिम वर्ष की वार्षिक परीक्षा के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

सत्र 2018–19 में बी.एस.डब्ल्यू. पाठ्यक्रम के सफल संचालन और परीक्षा आयोजन में आपके महत्वपूर्ण योगदान हेतु धन्यवाद।

विदित है कि कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुये शासन द्वारा परीक्षा के दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी.एस.डब्लू. पाठ्यक्रम की परीक्षा 2019–20 अध्ययन केन्द्र (महाविद्यालय अथवा उत्कृष्ट विद्यालय) के माध्यम से आयोजित नहीं होना है। छात्र को घर बैठे ऑनलाइन परीक्षा का अवसर उपलब्ध कराया जाना है। वर्ष 2019–20 की परीक्षाओं के आयोजन संबंधी निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न है।

यद्यपि छात्रों को घर बैठे परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है, फिर भी उनके समक्ष उत्पन्न किसी समस्या या शंका समाधान एवं मार्गदर्शन में आप सबका गुरुतर भूमिका महत्वपूर्ण है। हम आभारी होंगे यदि उक्त निर्देश को सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुए पूर्व की भाँति छात्रों का आवश्यक मार्गदर्शन कर अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने की कृपा करेंगे।

वर्तमान कोरोना काल में सभी स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें इन्हीं शुभकामनाओं सहित–

साभार,

(डॉ. अमरजीतसिंह)
निदेशक एवं लिंक अधिकारी
म. प्र. शासन
सी.एम.सी.एल.डी.पी.

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3. संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, वात्सल्य भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल.
4. कार्यपालक निदेशक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल।
5. श्री प्रवीण शर्मा, टास्क मैनेजर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, श्यामला हिल्स, भोपाल.
6. मा. कुलपति जी के निजी सहायक
7. कुलसचिव महोदय

(डॉ. अमरजीतसिंह)
निदेशक एवं लिंक अधिकारी
म. प्र. शासन
सी.एम.सी.एल.डी.पी.

# महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना, म.प्र.
## सामुदायिक नेतृत्व विकास अध्ययन केन्द्र

पत्रांक : सी.एम.सी.एल.डी.पी. / 20 / दिनांक:

## समाजकार्य स्नातक (सामुदायिक नेतृत्व) पाठ्यक्रम

## परीक्षा सत्र 2019–20 संबंधित निर्देश

### सामान्य :

समाजकार्य स्नातक (सामुदायिक नेतृत्व) पाठ्यक्रम सत्र 2019–20 की परीक्षाओं का विनियमन एवं संचालन मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्रांक एफ 770 / 2020 / 38–3 दिनांक 13–08–2020 के अनुसार किया जायेगा। इस पत्र के अनुसार समस्त आन्तरिक एवं बाह्य, मुख्य एवं पूरक छात्र को घर बैठे भाग लेने का अवसर उपलब्ध कराया जावेगा। आन्तरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा तीनों वर्षो (प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष) की होगी। सैद्धान्तिक परीक्षा मात्र तृतीय अंतिम वर्ष की होगी। आन्तरिक / अर्द्धवार्षिक / सी.सी.ई. परीक्षा हेतु नेट डाटा सहित छात्रों के पास स्मार्टफोन / लैपटाप अथवा कम्प्यूटर का होना आवश्यक है। संक्षिप्त समय–सारिणी निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| आन्तरिक / अर्द्धवार्षिक / सी.सी.ई. (सभी छात्रों कें लिए) | 15, 16, 17 सितम्बर 2020 (दो पालियों में) | विस्तृत विवरण आगे दिया गया है। |
| प्रायोगिक (सभी छात्रों कें लिए) | फील्ड वर्क / प्रदत्त कार्य प्रतिवेदन का विश्वविद्यालय प्रेषण 20 सितम्बर 2020 तक। | |
| वार्षिक परीक्षा (मात्र अंतिम / तृतीय वर्ष हेतु) | 25 से 30 सितम्बर 2020 | |

**पात्रता :**

परीक्षा हेतु उन्हीं छात्रों को पात्र मान्य किया जावेगा और प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा जिन्होंने मुख्य अथवा पूरक परीक्षा की निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है तथा संबन्धित परीक्षा के लिये पंजीकृत छात्र है।

**प्रवेश पत्र एवं जांच पत्र वेबसाईट से डाउनलोड करने की प्रक्रिया–**

1. सर्वप्रथम सी.एम.सी.एल.डी.पी की वेबसाईट www.cmcldp.org पर जाना है।
2. सी.एम.सी.एल.डी.पी लिखा आयेगा जिस पर क्लिक करने के पश्चात् होम पेज खुलेगा।
3. होम पेज पर नीचे वाले मेनू मे Admit Card पर क्लिक करना है।
4. Sesssion 2019–20 के नीचे वर्षवार एवं केन्द्र वार (We, Tri &N-TRI) प्रत्येक केन्द्र के एडमिट कार्ड हैं। जिसमें क्लिक कर प्रवेश पत्र एवं जांच पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।

➢ प्रवेश पत्र निकालने के लिये ऊपर दिये गये क्र.स. 1–3 तक के निर्देशों का पालन करते हुये Online Admit Card के नीचे दिये गये बाक्स में से –

1. Select Session मे से सत्र 2019–20 को क्लिक करनां है।
2. Select Course में से बी.एस.डब्ल्यू. वर्ष (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) जो भी लागू हो को क्लिक करना है।

3. Enrollment Number मे छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय द्वारा जारी पंजीयन क्रंमाक रोल न. उसी रूप में पूरा टाईप करना हैं।
4. उसके पश्चात् सम्मिट बटन में क्लिक करना है।
5. एडमिट कार्ड का प्रिन्ट निकालने के बाद छात्र को स्वाप्रमाणित नवीन फोटो को एडमिट कार्ड में दिये गये बाक्स में चस्पा करना है।

**आन्तरिक परीक्षा /अर्द्धवार्षिक/ सी.सी.ई.** (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पूरक) :

तीनों वर्षो की परीक्षा घर बैठे इन्टरनेट से स्मार्ट फोन अथवा कम्प्यूटर अथवा टेबलेट द्वारा देने की सुविधा होगी। वेबसाइट www.cmcldp.org एवं व्हाटसप एप्पु पर एक लिंक दिया जावेगा जिसे क्लिक करते ही प्रश्नपत्र खुल जावेगा। आन्तरिक 20 अंक हेतु 1–1 अंक के 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। परीक्षा की निर्धारित अवधि में उत्तर देकर सबमिट करना होगा। एक अनुक्रमांक पर एक ही बार यह अवसर उपलब्ध होगा। प्रथम वर्ष के छात्र जारी प्रवेश पत्र अनुसार आवंटित अनुक्रमांक दर्ज करेंगे। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को पूर्व में आवंटित अनुक्रमांक ही मान्य किया जावेगा। इस परीक्षा की समय सारिणी निम्नानुसार है :–

| दिनांक | समय (1 घंटा) | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | तृतीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 15/09/2020 | 11.00 पू. | समाज कार्य का परिचय | समाजकार्य का इतिहास एवं पद्धतियाँ | समाजकार्य की सहायक पद्धतियाँ एवं मनोवैज्ञानिक अवधारणाएँ |
| | 02.00 अप. | विकास की समस्याएं और मुद्दे | सामुदायिक संगठन एवं गतिशीलता | स्वयंसेवी संगठनों का गठन और प्रबंधन |
| 16/09/ 2020 | 11.00 पू. | नेतृत्व विकास | पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास | सूक्ष्म वित्त एवं उद्यमिता विकास |
| | 02.00 अप. | विकास के लिए संचार और जीवन कौशल शिक्षा | महिला विकास एवं सशक्तीकरण | ग्रामीण प्रौद्योगिकी |
| 17/09/2020 | 11.00 पू. | पोषण और स्वास्थ्य देखभाल | विधिक साक्षरता | लेखांकन के मूलतत्व |
| | 02.00 अप. | बाल विकास, सुरक्षा और शिक्षा | कम्प्यूटर कौशल | पर्यावरण शिक्षा |

**आन्तरिक/अर्द्धवार्षिक/ सी.सी.ई. परीक्षा का आयोजन–**

- स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, लैपटाप के साथ इण्टरनेट डाटा का होना आवश्यक है।
- सभी विद्यार्थियों के पास जी–मेल होना अनिवार्य है।
- किसी प्रकार की त्रुटि से बचने हेतु आप अपनी नई जी–मेल का भी उपयोग भी कर सकते हैं। उसी जी–मेल आईडी को आप परीक्षा हेतु उपयोग करें। जिस जी–मेल आईडी का परीक्षा हेतु उपयोग करना हो, उसी जी–मेल आईडी से अपने कम्प्यूटर एवं मोबाईल को लागिन करें। अन्य जी–मेल आईडी से नही।

**प्रश्नपत्र प्राप्त करने का तरीका–**

- बेबसाईट www.cmcldp.org /व्हाटसप पर लिंक उपलब्ध रहेगा।
- लिंक पर क्लिक करते ही प्रश्नपत्र खुल जायेंगें।

**उत्तर देने का तरीका–**

- प्रत्येक प्रश्नपत्र के चार विकल्प होंगें। जिसमें कोई एक ही सही होगा।
- सही विकल्प का चयन कर उस पर क्लिक करें।
- सभी के सही विकल्प चयन करने के पश्चात् यदि किसी विकल्प को परिवर्तित करना हो तो सम्मिट के पूर्व पुनः उस प्रश्न पर जाकर दूसरे विकल्प का चयन कर सकते हैं।

**प्रश्नपत्र को सम्मिट करने का तरीका–**

- सभी प्रश्नो की हल करने के बाद सम्मिट बटन को क्लिक करें।
- यदि एक बार प्रश्नपत्र सम्मिट हो गया तो उसमें पुनः कोई परिवर्तन नहीं होगा।

**प्रदत्त कार्य एवं प्रायोगिक परीक्षा (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पूरक) :–**

विगत वर्ष छात्रों द्वारा किये गये प्रायोगिक कार्य एवं प्रदत्त कार्य का पूर्ण प्रतिवेदन फोटोग्राफ सहित तैयार व एकजाई कर निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी., महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, जिला–सतना, मध्यप्रदेश – 485334 के पते पर 20 सितम्बर 2020 तक रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करना होगा।

सैद्धान्तिक परीक्षा :

प्रथम वर्षः सैद्धान्तिक परीक्षा नहीं होगी। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार/ नियमानुसार आंतरिक अंक अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक के आधार पर अंक प्रदान किया जायेगा। यह व्यवस्था पूरक के छात्रों पर भी लागू होगा।

द्वितीय वर्षः सैद्धान्तिक परीक्षा नहीं होगी। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार/नियमानुसार आंतरिक अंक एवं प्रथम वर्ष के अंक के आधार पर अंक प्रदान किया जायेगा। यह व्यवस्था पूरक के छात्रों पर भी लागू होगा।

तृतीय वर्ष : सैद्धान्तिक परीक्षा होगी। प्रश्नपत्र वेबसाइट एवं व्हाटसप एप्प पर उपलब्ध होगा। छात्र घर बैठे ए–4 साइज पेपर अथवा रजिस्टर के 20–30 पेज जितना आवश्यक हो पर प्रश्नों का उत्तर लिखकर अंतिम परीक्षा तिथि के अगले दिन एक साथ रजिस्टर्ड पार्सल से निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी., महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, जिला–सतना, मध्यप्रदेश – 485334 को प्रेषित करेंगे अथवा हाथोंहाथ उक्त कार्यालय में जमा कर सकेंगे। रजिस्ट्री की पावती छात्र अपने पास सुरक्षित रखेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर या विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत किया जा सके। उत्तर पुस्तिका परीक्षा समाप्ति के तीन दिनों के भीतर विश्वविद्यालय को उक्त पते पर प्रेषित करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में मान्य नहीं किये जायेंगे। उत्तर पुस्तिका के साथ प्रवेश पत्र की छाया प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाये।

समयसारिणी निम्नानुसार है :–

| वर्ष | | प्रश्नपत्र | दिनांक |
|---|---|---|---|
| तृतीय | 1 | **समाजकार्य की सहायक पद्धतियॉ एवं मनोवैज्ञानिक अवधारणाएँ** (Secondary Methods of Social Work) | 25–9–2020 |
| | 2 | **स्वयंसेवी संगठनों का गठन और प्रबंधन** (Formation & Management of Voluntary Organizations) | 26–9–2020 |
| | 3 | **सूक्ष्म वित्त एवं उद्यमिता विकास** (Micro Finance and Entrepreneurship Development) | 27–9–2020 |
| | 4 | **ग्रामीण प्रौद्योगिकी** (Rural Technology) | 28–9–2020 |
| | 5 | **लेखांकन के मूलतत्व** (Fundamentals of Accounting) | 29–9–2020 |
| | 6 | **पर्यावरण शिक्षा** (Environmental Education) | 30–9–2020 |

नोट : उक्त निर्धारित समयसारिणी अनुसार प्रश्नपत्र सी.एम.सी.एल.डी.पी. वेबसाइट www.cmcldp.org पर उपलब्ध रहेगा। उत्तर काले अथवा नीले बॉलपेन से लिखा जावे। पूर्व में आवंटित अनुक्रमांक मान्य होंगे। उत्तर पुस्तिका के कवर पृष्ठ पर छात्र निम्नांकित विवरण अनिवार्यतः अंकित करेंगे :–

पूरा नाम :–
अनुक्रमांक :–
विषय :–
परीक्षा का दिन एवं दिनांक :–
उपयोग किये गये
उत्तर पुस्तिका की कुल पृष्ठ सं. :–

हस्ताक्षर

# पूरक आवेदन हेतु दिशा निर्देश

## पूरक आवेदन सबंधितः–

(1) जो छात्र/छात्राएं आर्द्धवार्षिक/वार्षिक परीक्षा के किसी प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं और पूरक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उन्हें सर्वप्रथम पूरक परीक्षा का आवेदन भरना अनिवार्य होगा। जिन विषयों में छात्र/छात्राएं पूरक है, उस विषय को आवेदन फार्म में अवश्य लिखें व फार्म में दिये गये सभी कालम एवं जानकारी को पूर्णतः भरें। पूरक परीक्षा आवेदन फार्म बेबसाईट www.cmcldp.org से डाउनलोड किया जा सकता है

(2) छात्र/छात्राओं को आर्द्धवार्षिक/वार्षिक पूरक परीक्षा के आवेदन के साथ शुल्क जमा की मूल्य पर्ची संलग्न करें। शुल्क जमा पर्ची पर आवेदक का नाम लिखा होना अनिवार्य है।

(3) पूरक परीक्षा शुल्क :– प्रति विषय रू 250/–. एवं रू 100/- पंजीयन शुल्क (प्रति छात्र/छात्रा)

## विश्वविद्यालय के खाता सबंधित जानकारी :–

(1). पूरक परीक्षा का आवेदन भरने के पश्चात् विश्वविद्यालय के दिये गये खाते नम्बर में शुल्क म.प्र. के किसी भी स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में जमा कर सकते हैं।

(अ). बैंक का नाम :– State Bank of India, Chitrakoot (M.P.)
(ब). बैंक खाते का नाम :– CMCLDP COURSE
(स). बैंक खाते का नम्बर :– 34470972397
(द). आई.एफ.एस.सी.कोड. :– SBIN0016748

## पूरक परीक्षा के आवेदन भेजने सबंधित :–

(1).पूरक परीक्षा का आवेदन व शुल्क जमा कि पर्ची पर नाम लिखकर विश्वविद्यालय के मेल आई.डी. cmcldpexam@gmail.com प्रेषित करें।

**तथा**

पूरक परीक्षा का आवेदन व शुल्क जमा पर्ची की मूल कांपी विश्वविद्यालय के दिये गये निम्नांकित पते पर भेजना अनिवार्य हैः–

निदेशक,<br>
सी.एम.सी.एल.डी.पी.<br>
माहात्मा गॉधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,<br>
चित्रकूट, सतना (म0प्र0) – 485334

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम
# CHIEF MINISTER COMMUNITY LEADERSHIP DEVELOPMENT PROGRAMME
## महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, जिला–सतना, मध्य प्रदेश

समाज कार्य स्नातक (सामुदायिक नेतृत्व) पाठ्यक्रम

### पूरक परीक्षा आवेदन पत्र

सत्र : परीक्षा का नाम : बी.एस.डब्ल्यू. (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) ...................... (अर्द्धवार्षिक/वार्षिक या दोनों)............

स्व प्रमाणित फोटो चस्पा करें पिन से न लगायें

1. **Registration / Roll No.**
   पंजीयन संख्या (प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी को छोड़कर परीक्षार्थी द्वारा भरा जाये)
2. **Programme/Exam Fee Details :** पाठ्यक्रम/परीक्षा शुल्क विवरण

   **A.** Challan/Draft/NEFT/e-Payment No. **B.** Date **C.** Fee Amount

3. **Study Centre Name**
   अध्ययन केन्द्र का नाम
4. **Name of the Dist. and Block** Dist.- Block-
   जिला एवं ब्लाक का नाम

Signature (Pl. Sign. within Box)
हस्ताक्षर (बाक्स में करें)

5. **Candidate's Name** (Write in English Capital Letters Only)

   अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)
6. **Candidate's Contact No.**
7. **Father's/Husband's Name** (Write in English Capital Letters Only)

   अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम (हिन्दी में)
8. **Mother's Name** (Write in English Capital Letters Only)

   अभ्यर्थी की माता का नाम (हिन्दी में)
9. **Correspondence Address** (Write in English Capital Letters Only)
10. **Permanent Address** (Write in English Capital Letters Only)
11. **Paper's Name of Repeat Exam (Half Yearly/ Yearly)** रिपीट परीक्षा के प्रश्न–पत्रों/विषयों के नाम (अर्द्धवार्षिक/वार्षिक)

| Half Yearly (अर्द्धवार्षिक के पूरक विषय का नाम) | Yearly (वार्षिक के पूरक विषय का नाम) |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |
| 4. | 4. |
| 5. | 5. |
| 6. | 6. |
| 7. | 7. |

**Date:-**
दिनांकः–

**Signature of the Candidate**
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

### सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र द्वारा अग्रसारण

प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी कार्यक्रम में रिपीट परीक्षा आवेदन फार्म के साथ आवेदित पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित फीस नगद शुल्क रसीद/बैंक रसीद/बैंक ड्राफ्ट मूल रुप से संलग्न है।